हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 जुलाई 2024

13 सरमान के लिए समाधान शिविर बना वरदान


14 एक सप्ताह पहले खोदे गए गड्ढे को भरना भूला प्रशासन...


**खबर संक्षेप**

### शिविर में 92 बुजुर्गों का स्वास्थ्य जांचा, दी सलाह

**चरखी दादरी।** आयुष विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित हेल्थ कैंप का आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिर अटेला कलां में लगाया गया। आयुष विभाग द्वारा जिला में स्थित प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित दो स्वास्थ्य शिविर 15 सितंबर तक लगाए जा रहे हैं। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ राकेश वशिष्ठ ने बताया कि अब तक 6 शिविर विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लगाए जा चुके हैं। जिले में कुल 42 शिविर 15 सितंबर तक लगाए जायेंगे। अटेला कलां के स्वास्थ्य शिविर में 92 बुजुर्गों की जांच कर उन्हे सभी औषधियां निशुल्क प्रदान की गई। शिविर में शुगर, बीपी, एचबी व मूत्र की जांच भी की गई।

### कांहड़ा-कादमा सड़क पर कई जगह बने बड़े गड्ढे

**बाढ़ड़ा।** गांव कांहड़ा से कादमा को जाने वाले लिंक मार्ग पर बारिश के कारण कई स्थानों पर बड़े गड्ढे बने हुए हैं। जिससे हादसे होने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने जल्द इस पर संज्ञान लेकर इसे दुरूस्त करने की मांग की है। कांहड़ा निवासी परमानंद, देवेन्द्र, सुनिल, दिनेश, राकेश, जयवीर आदि ने बताया कि गांव कांहड़ा से कादमा को जाने वाली लिंक मार्ग कादमा में दादरी-सतनाली मुख्य सड़कमार्ग को जोड़ता है। जिसके चलते करीब दर्जभर गांवों के लोगों का दिन-रात यहां से आवागमन रहता है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों हुई बारिश के कारण लिंक मार्ग के किनारों पर भूमि कटाव होने के कारण कई स्थानों पर बड़े गड्ढे बन गए है।

# गुरु पूर्णिमा से बदल जाएंगे कुछ राशियों के दिन, जॉब-करियर व शादी की अड़चनें होंगी दूर

■ महाभारत के रचयिता ऋषि वेद व्यास का जन्म इस दिन हुआ था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गुरु पूजा के लिए विशेष मानी जाने वाली गुरु पूर्णिमा का पर्व अबकी बार 21 जुलाई, रविवार के दिन पड़ रहा है। इस दिन का हिंदू धर्म में विशेष महत्व बताया गया है। यह जानकारी देते हुए प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित रामकिशन महाराज गोवर्धन-मथुरा वाले ने बताया कि इस तिथि पर महाभारत के रचयिता ऋषि वेद व्यास का जन्म हुआ था इसीलिए इस दिन को गुरु पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है, साथ ही इस तिथि को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है।

### गुरु पूर्णिमा तिथि....

पंडित रामकिशन ने बताया कि आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि 20 जुलाई, शनिवार के दिन शाम 5 बजकर 59 मिनट पर प्रारंभ हो जाएगी। इस तिथि का समापन 21 जुलाई, रविवार को दोपहर 3 बजकर 46 मिनट पर होगा। इसी कारण पूर्णिमा का व्रत 21 जुलाई रविवार के दिन रखा जाएगा।

**ग्रहों का दुर्लभ संयोग :** पंडित रामकिशन महाराज के अनुसार इस साल गुरु पूर्णिमा के दिन ग्रहों का दुर्लभ संयोग बन रहा है। साथ ही कुछ राशियों के लिए यह दिन लकी साबित होने वाला है। क्योंकि सूर्य, बुध और शुक्र कर्क राशि में रहेंगे। इसके साथ ही गुरु वृषभ राशि में रहेंगे। इस दुर्लभ संयोग का कुछ राशियों पर विशेष प्रभाव पड़ेगा। पंडित रामकिशन महाराज ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के दिन से कई राशियों की किस्मत खुलने वाली है इन राशियों की जॉब, करियर और विवाह में चल रही दिक्कतों का अंत हो जाएगा।

### बन रहे हैं ये दुर्लभ संयोग....

प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित रामकिशन महाराज का कहना था कि सर्वार्थ सिद्धि योग ज्योतिष शास्त्र में शुभ योगों में से एक है। यह योग तब बनता है जब कोई विशेष दिन किसी विशेष नक्षत्र के साथ मिलता है। यह योग 21 जुलाई को सुबह 05 बजकर 36 मिनट से शुरू होकर 22 जुलाई को मध्य रात्रि 12 बजकर 14 मिनट पर समाप्त होगा। साथ ही उत्तराषाढ़ा नक्षत्र भोर से लेकर मध्य रात्रि 12 बजकर 14 मिनट तक रहेगा।

इस बार गुरु पूर्णिमा पर प्रीति योग बन रहा है। प्रीति योग को प्रेम योग भी कहा जाता है, जो शुभता और सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है। यह योग 21 जुलाई को रात 09 बजकर 11 मिनट से शुरू होकर 22 जुलाई को शाम 05 बजकर 58 मिनट पर समाप्त होगा। इस योग में किए गए सभी कार्य सफल होते हैं।

### गुरु पूर्णिमा का पौराणिक इतिहास



पंडित रामकिशन महाराज ने बताया कि ऐसा माना जाता है कि गुरु वेद व्यास ने सभी 4 वेदों को लिखा था, जो भगवान ब्रह्मा द्वारा पढ़े गए थे और इस दुनिया में हर व्यक्ति उस काम के लिए कर्ज में है, जो संत व्यास ने किया था। उन्होंने कई पुराण भी लिखे और उसी समय से एक दिन गुरुओं को समर्पित किया जाता था और इस दिन को 'गुरु पूर्णिमा' कहा जाता है। "पूर्णिमा" शब्द का प्रयोग इसलिए किया जाता है, क्योंकि इस दिन पूर्णिमा होती है।अतीत और आज की दुनिया में भी इसका गहरा महत्व है। चूंकि यह दिन गुरुओं को समर्पित है, जाति आदि के बावजूद लोग अपने गुरुओं को उनके द्वारा दिए गए ज्ञान के लिए धन्यवाद देते हुए प्रार्थना करते हैं।

## ट्रस्ट पर स्कूल नहीं चलता तो प्रशासन को सौंप दें : प्राचार्या

# बिना नोटिस हटाने पर हंगामा, प्राचार्या संग स्टाफ बैठा धरने पर, पढ़ाई प्रभावित



भिवानी। बिना नोटिस हटाने के विरोध में धरने पर बैठा स्कूल का स्टाफ।

■ हटाया नहीं, बल्कि एक माह के लिए छुट्टी पर भेजा है,वेतन भी मिलेगा : श्रीभगवान शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर स्थित एक कन्या पाठशाला की प्राचार्या को बिना नोटिस दिए कथित रूप से हटाने का जबरदस्त विरोध हुआ। प्राचार्या व स्टाफ स्कूल के बाहर धरने पर बैठ गया। हालांकि बाद में ट्रस्ट के अध्यक्ष के कहने पर अधिकांश स्टाफ वापस स्कूल में चला गया,लेकिन फिलहाल स्कूल का स्टाफ दो ग्रुपों में बंट गया। जिसकी वजह से स्कूल की पढ़ाई प्रभावित होना लाजिमी है।

दूसरी तरफ ट्रस्ट के प्रशासक श्री भगवान शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट ने प्राचार्या को हटाया नहीं है। उनको एक माह के लिए छुट्टी भेजा है। इस दौरान उनको वेतन मिलता रहेगा।

शुक्रकवार सुबह पौने आठ बजे कन्या स्कूल की प्राचार्या स्कूल में पहुंची तो उस वक्त उसकी चेयर पर दूसरी शिक्षिका बैठी हुई थी और पास में स्कूल के निदेशक स्कूल स्टाफ की मीटिंग लिए हुए थे। प्राचार्या ने इस बारे में पूछा तो बताया गया कि यह निर्णय मैनेजमेंट का है। यह बात सुनकर प्राचार्या स्कूल के बाहर आ गई। उनके साथ स्कूल का स्टाफ भी आ गया और वे स्कूल के बाहर धरने पर बैठ गई। जिसके बाद मौके पर अनेक लोग एकत्रित हो गए। इसी दौरान वहां पर संस्था के ट्रस्ट के अध्यक्ष पहुंचे और उन्होंने स्टाफ को अंदर चलने के लिए कहा तो उनमें से आधी से ज्यादा शिक्षिकाएं स्कूल के अंदर चली गई। बाद में प्राचार्या व कुछ स्टाफ वहीं पर धरने पर बैठी रहीं।



भिवानी। धरने पर बैठे स्टाफ से बातचीत करते ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. शिव शंकर भारद्वाज। फोटो : हरिभूमि

स्कूल की प्राचार्या डा. कांता गौड़ ने बताया कि जिस वक्त उन्होंने कार्य भार ग्रहण किया था। उस वक्त स्कूल में केवल ढाई सौ बच्चे थे। पूरे स्टाफ की मेहनत की बदौलत यह संख्या साढ़े सात सौ तक ले गए। गुरुवार को पूरे दिन उसकी मैनेजमेंट के साथ मीटिंग हुई। उनको हटाने के बारे में नोटिस देने या किसी अन्य विषय पर कोई चर्चा नहीं हुई। शुक्रकवार सुबह जब वह स्कूल में पहुंची तो पता चला कि उनकी चेयर पर तो किसी ओर को बैठा दिया और निदेशक बैठे मीटिंग लिए हुए है। प्राचार्या ने कहा कि ट्रस्ट पर स्कूल का संचालन नहीं होता तो वे स्कूल को प्रशासन के हैंड ओवर कर दे। ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो पाए। श्री हरियाणा शेखावाटी ब्रह्मचार्य आश्रम ट्रस्ट के प्रशासक श्री भगवान शर्मा ने बताया कि गुरुवार को ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों की बैठक हुई थी,जिसमें ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. शिव शंकर भारद्वाज, सचिव डॉ. रवि भीष्म, सत्यनारायण व पूर्व डीजीपी एसएन वशिष्ठ शामिल हुए थे। प्राचार्या डॉ. कांता गौड के खिलाफ कई शिकायतें आई हुई थीं। जिनकी जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की सीएम विंडों पर भेजी शिकायत से जुड़ा मामला

बताते है कि विगत में उक्त स्कूल में तैनात एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने सीएम विंडों पर शिकायत भेजकर डीसी रेट का मानदेय दिलाए जाने की मांग की थी। चूंकि वह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी करीब 20 साल से यहीं पर कार्य कर रही है। सीएम विंडों की शिकायत वापस आने पर प्राचार्या ने इस बारे में मैनेजमेंट से मार्गदर्शन मांगा। तो कोई जवाब नहीं मिला। कुछ दिनों बाद फिर से मैनेजमेंट से सीएम विंडों पर मार्ग दर्शन मांगा तो उल्टा प्राचार्या से ही उक्त कर्मचारी पर कार्रवाई करने की जानकारी मांग ली। आपने उक्त कर्मचारी के खिलाफ क्या कार्रवाई की है। शायद इसी मामले को लेकर प्राचार्या व मैनेजमेंट के बीच खींचातानी बनी थी। नतीजन यह हंगामा हो गया।

# जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 14 शिकायतें रखीं




हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

जिले के क्षेत्रिय परिवहन कार्यालय के एमवीओ को उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मूलचंद शर्मा ने जरूरी बैठकों की अनदेखी करने व लोगों की शिकायतों पर ध्यान नहीं देने के कारण निलंबित कर दिया गया। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मूलचंद शर्मा ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतों की सुनवाई के दौरान ये आदेश दिए हैं। बैठक के दौरान ओवरलोड के लेकर रखी गई शिकायत में समिति के अध्यक्ष एवं उद्योग मंत्री को बताया गया कि दादरी से हर रोज हजारों की संख्या में ट्रक निकलते हैं और ज्यादातर ओवरलोड होते हैं। जिनके कारण सड़कों को नुकसान होता है और साथ ही दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। इसके बावजूद क्षेत्रिय परिवहन कार्यालय की ओर से कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। इसपर मंत्री ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने और जरूरी बैठकों में उपस्थित नहीं होने के चलते एमवीओ को निलंबित करने के आदेश दिए और कहा कि केवल चालान करना ओवरलोड समस्या का समाधान नहीं है। ओवरलोड पर सीरे से प्रतिबंध लगाना जरूरी है।

बैठक में कुल 14 शिकायतें रखी गई थी, जिनमें से 9 का मौक पर समाधान कर दिया गया है। बाकी को अगली बैठक के लिए लंबित रखा गया है और इनके समाधान के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ओवरलोड को लेकर सख्त निर्देश जारी कर दिए गए हैं। नागरिकों की जान माल की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है और लोगों का ध्यान रखना भी सरकार का काम है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाने के निर्देश दिए हैं।


### रोजगार मेले में 40 युवाओं ने नौकरी के लिए दिया साक्षात्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

उपायुक्त मंदीप कौर के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में सांवरिया बायोटेक कंपनी द्वारा प्रार्थियों का साक्षात्कार के आधार पर चयन किया गया। इस मेले में लगभग 40 युवाओं ने साक्षात्कार दिया। रोजगार मेले में सहायक रोजगार अधिकारी दीपक शर्मा ने कहा कि विभाग द्वारा युवाओं को रोजगार देने के लिए समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है।

रोजगार मेले के दौरान प्रार्थियों को रोजगार के लिए गाइडलाइन भी दी जाती है। युवाओं को रोजगार के नए-नए अवसरों के बारे में जानकारी दी जाती है। उन्होंने युवाओं का आहवान करते हुए कहा कि कोई भी कार्य छोटा नहीं होता। छोटे-छोटे कार्य से शुरुआत कर हम बड़े मुकाम तक जा सकते हें। ऐसे में युवा कोई भी कार्य करने में हिचक न समझें।

इसी कड़ी में रोजगार विभाग द्वारा शुक्रवार को स्थानीय डीसी कॉलोनी में स्थित जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के आधार पर नौकरी दी गई। इस दौरान उन्होंने युवाओं का आह्वान किया है कि वे समय-2 पर रोजगार विभाग द्वारा आयोजित रोजगार मेलों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि कार्य कोई छोटा नहीं होता।




**सत्संग** संत कंवर साहेब ने साध संगत को प्रवचनों से किया निहाल

## सेवा को भक्ति का मूल बताते हुए सेवादारो को सत्संग आयोजन की रीढ़ बताया: संत कंवर साहेब

# जो सेवा करना सीख जाता है वही भक्ति का मर्म भी समझ जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



रविवार को गुरु पूर्णिमा के पर्व पर जुटने वाली संगत की हाजरी देखते हुए सेवादारो का दायित्व और ज्यादा बढ़ जाता है क्योंकि गुरु पूर्णिमा का दिन गुरु भक्तों के लिए सबसे बड़ा दिन है। इस दिन सेवा करने का अलग ही महत्व है। सेवादार निस्वार्थ होता है। सेवा कभी निष्फल नहीं होती।

सत्संग में साध की सेवा परमात्मा की सेवा है। यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने रविवार को होने वाले गुरू पूर्णिमा के सत्संग की तैयारियों के लिए दिनोद गांव में स्थित राधास्वामी आश्रम में दो दिन पहले ही जुटे सेवादारो को दर्शन और सत्संग देते हुए कहे। हुजूर कंवर साहेब ने कहा कि कलयुग में ज्यादा सतकर्ता की आवश्यकता है। पिछले दिनों हाथरस की घटी घटना से हमें सबक लेना चाहिए। सेवा में गफलत नहीं चलती। सत्संग कानों से सुनो,लेकिन साथ ही साथ अपनी आंखों को भी सतर्क रखो। गुरु महाराज ने सेवा को भक्ति का मूल बताते हुए सेवादारो को सत्संग आयोजन की रीढ़ बताया। हुजुर ने फरमाया कि जो सेवा करना सीख जाता है वहीं भक्ति का मर्म भी समझ जाता है।सन्तमत की भक्ति सन्त सतगुरु की भक्ति है क्योंकि इस दुनिया में आपको सकल पदार्थ मिल जाएंगे लेकिन पूर्ण सतगुरु मिलना बड़ा कठिन है। जब सतगुरु मिल जाता है तो जीव का लेखा निमड़ जाता है।सतगुरु से प्रेम होना ही सेवा भाव का जगना है। सब सेवाओ में सबसे उत्तम सेवा संगत की बताई गई है और संगत की सेवा ही सतगुरु की सेवा है।



चीता दुनिया का सबसे तेज़ ज़मीनी जानवर है, जो 112 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से दौड़ सकता है।



दुनिया में पक्षियों की 9,500 से ज़्यादा प्रजातियां हैं। दुनिया का एकमात्र पंखहीन पक्षी कीवी है।

# हिंदी भाषा पसंद है तो इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारत में हिन्दी सबसे महत्वपूर्ण भाषा है। यह भारत की 22 आधिकारिक भाषाओं में से एक है और राज्य भाषा का अधिकार रखती है। संसदीय कार्य से लेकर न्यायिक और सरकारी संस्थानों में इसे ऑफिशियल कम्युनिकेशन की तरह उपयोग किया जाता है। हिंदी विश्व स्तर पर तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है, जिसमें लगभग 425 मिलियन लोग इसे अपनी पहली भाषा के रूप में पहचानते हैं और अतिरिक्त 120 मिलियन लोग हिंदी को दूसरी भाषा के रूप में बोलते हैं। हिंदी के क्षेत्र में कई बेहतरीन करियर ऑप्शन मौजूद हैं। इस फील्ड में भी अच्छा करियर बनाया जा सकता है।

## ये करियर ऑप्शन

### राजभाषा ऑफिसर

ये राष्ट्रीयकृत बैंकिंग संस्थानों में राजभाषा ऑफिसर के रूप में कार्य करते हैं। उनकी नियुक्ति बैंक की सभी शाखाओं में होती है। इनकी प्राथमिक भूमिका ग्राहकों की मदद करने के अलावा रोज के कामों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना है। वे विभिन्न आधिकारिक दस्तावेजों का हिंदी में अनुवाद भी करते हैं।

### जर्नलिज्म

अगर आप ने हिंदी भाषा में जर्नलिज्म का कोर्स किया है तो आप पत्रकारिता के क्षेत्र में एंकर, न्यूज एडिटर, न्यूज राइटर और रिपोर्टर आदि जैसे कई जॉब प्रोफाइल पर रहकर अच्छी सैलरी हासिल कर सकते हैं। यहां पर आपको न्यूजपेपर, रेडियो चैनलों, समाचार चैनलों, पत्रिकाओं और डिजिटल समाचार मीडिया जैसे कई करियर ऑप्शन मिल जाएंगे।

### कंटेंट राइटर/एडिटर

आज के समय में कंटेंट राइटर या एडिटर की जॉब को बेहतर विकल्प माना जाता है। इनका काम ब्लॉग लिखना, मार्केटिंग कॉपी, सोशल मीडिया कॉपी आदि लिखना व उसको एडिट करना होता है। हिंदी या मास कम्युनिकेशन में डिग्री होल्डर्स आसानी से हिंदी कंटेंट राइटर/एडिटर के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। कंटेंट राइटर और एडिटर्स पब्लिकेशन हाउस और मीडिया हाउस व एड एजेंसी में काम कर सकते हैं।

## यहां मिलेगा मौका

### ट्रांसलेटर

आज जिस तरह से पूरा विश्व का एकीकरण हो रहा है उसमें हिंदी ट्रांसलेटर के लिए करियर के नए रास्ते खुल गए हैं। इस फील्ड में अब काम की कोई कमी नहीं है। हिंदी ट्रांसलेटर के तौर पर आप घर पर बैठकर भी काम कर सकते हैं। हालांकि एक बेहतरीन ट्रांसलेटर बनने के लिए आपकी हिंदी के साथ दूसरी भाषा पर भी अच्छी पकड़ होनी चाहिए। कई बड़ी कंपनियां भी अपने कंटेंट को हिंदी में मुहैया कराने के लिए ट्रांसलेटर को नियुक्त करती हैं।

### इंटरप्रिटेशन

इंटरप्रेटर का काम भी ट्रांसलेटर की तरह एक लैंग्वेज का दूसरे लैंग्वेज में अनुवाद करना होता है। हालांकि इंटरप्रेटर लिखकर नहीं बल्कि बोलकर यह काम करते है। एक इंटरप्रेटर उन शब्दों को ट्रांसलेट करता है, जो दूसरा व्यक्ति अलग भाषा में कहता है। आप इंटरप्रेटर के तौर पर राजनयिक मिशनों, संयुक्त राष्ट्र और विदेशी छात्रों के साथ काम कर सकते हैं।

### वॉयस ओवर आर्टिस्ट

एंटरटेनमेंट की दुनिया आज बहुत व्यापक हो गई है। हर माह कई विदेशी फिल्में व कार्टून भारत में लांच हो रही हैं। यदि आप में बोलने का स्किल और अच्छी आवाज है, तो आप वॉयस-ओवर को करियर ऑप्शन के रूप में अपना सकते हैं। वॉयस-ओवर कलाकारों की फिल्मों के अलावा रेडियो स्टेशनों, पॉडकास्ट, विज्ञापनों की डबिंग में काफी डिमांड रहती है।

### हिंदी टाइपिस्ट/हिंदी स्टेनोग्राफर

हिंदी स्टेनोग्राफर और टाइपिस्ट की डिमांड कई दशकों से बनी हुई है। खास तौर पर सरकारी क्षेत्र में निकलने वाली जॉब में। हिंदी टाइपिंग और स्टेनोग्राफर का कोर्स कर आप अच्छी सैलरी के साथ सरकारी जॉब पा सकते हैं। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी आप अच्छी तनख्वाह पर नौकरी पा सकते हैं।

## स्पीच राइटर

अगर आप में लिखने की क्षमता है तो आप स्पीच राइटर बन सकते हैं। स्पीच लोगों को प्रभावित करने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है। सम्मोहक स्पीच लिखने के लिए लैंग्वेज पर कंट्रोल की जरूरत होती है। अगर आपमें ये काबिलियत है तो आप किसी राजनीतिक पार्टी के साथ जुड़कर स्पीच राइटर बन सकते हैं। वहीं सरकारी क्षेत्र, विज्ञापन एजेंसियों, कॉर्पोरेट में काम भी इनके लिए दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं।

### नॉवलिस्ट/राइटर/ पोएट

अगर आप को नए तरीके से क्रिएटिव स्टोरी लिखना आता है तो आप हिंदी भाषा में नॉलेज हासिल करने के बाद पोएट/नॉवलिस्ट/राइटर बन सकते हैं। आज के समय में ऑडियोबुक, किंडल सपोर्टिड ई-बुक्स के राइज ने इस फील्ड में लोगों के करियर को एक नया आयाम दिया है।

### हिंदी टीचर

हिंदी टीचर की जॉब सदाबहार ऑप्शन है। टीचर बनना सभी को पसंद होता है। अरग आपकी हिंदी में अच्छी पकड़ है तो आप किसी भी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थान में हिंदी टीचर के तौर पर जॉब कर सकते हैं।

### राइटिंग

हिन्दी में अच्छी पकड़ रखने वाले लोगों का फिल्म जगत और टेलीविजन के क्षेत्र में खासी डिमांड होती है। आज के समय में ओटीटी प्लेटफार्म के आने से इस क्षेत्र के करियर स्कोप बढ़ गया है। अगर आप हिन्दी में अच्छे हैं तो आप प्रॉडक्शन हाउस, मीडिया हाउस में स्क्रप्टि राइटिंग, डायलॉग्स या लिरिक्स भी लिख सकते हैं। लेकिन अगर आप स्क्रीन राइटर बनना चाहते हैं तो आपको बीए हिन्दी करने के बाद स्क्रीन राइटिंग कोर्स में पोस्ट ग्रेजुएशन करनी होगी ताकि आपके भीतर लेखन की अच्छी समझ विकसित हो सके।

### अध्यापक

हिंदी को पूरा करने के बाद क्लासिक और लोकप्रिय करियर विकल्पों में से एक अध्यापक बनकर आने वाली पीढ़ियों को भाषा का ज्ञान और क्षमता प्रदान करना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की लोकप्रियता बढ़ने के साथ-साथ भारत से बाहर के छात्रों को हिंदी सिखाने के अवसर भी हैं।

---

## बहुत कम निवेश में अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं युवा

# पारम्परिक खेती से अलग, अर्बन फार्मिंग में करियर को दें उड़ान

लीक से हटकर इस क्षेत्र में करियर बनाने का बेहतर मौका

जॉब ट्रेंड्स

डॉ. मोहित बंसल, करियर कोच



घटती कृषि भूमि और पारम्परिक खेती में नुकसान के कारण किसानों को जहां आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं, फसलों का उत्पादन भी कम हो रहा है। किसान लगातार कृषि व्यवसाय से विमुख होता जा रहा है। ऐसे में युवाओं के लिए अर्बन फार्मिंग (शहरी कृषि) एक नए और कम प्रतिस्पर्धा वाले करियर विकल्प के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। सामान्य करियर से अलग आज एक अर्बन फार्मर बहुत कम समय और बहुत कम निवेश में अच्छी आय के साथ अपने करियर को चमका सकता है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे की अर्बन फार्मिंग क्या है, इसे कैसे किया जा सकता है और यह युवाओं के करियर को कैसे उड़ान दे सकती है यानी इसके जरिये कम खर्च में कितना मुनाफा कमाया जा सकता है।

### क्या है अर्बन फार्मिंग

एक अर्बन फार्मर वह व्यक्ति होता है जो शहरी या उपनगरीय वातावरण में फसलों, सब्जियों, जड़ी-बूटियों की खेती करता है और पशुओं को पालता है। पारंपरिक खेती के विपरीत, जो अक्सर विशाल खेतों वाले ग्रामीण क्षेत्रों में होती है,



अर्बन फार्मिंग छोटे, अधिक सीमित स्थानों जैसे छतों, बालकनियों, खाली स्थानों या सामुदायिक उद्यानों में हो सकती है। अर्बन फार्मर सीमित स्थान और संसाधनों में अपनी उपज को अधिकतम करने के लिए ऊर्ध्वाधर खेती, हाइड्रोपोनिक्स या एक्वापोनिक्स जैसी नवीन तकनीक अपनाकर खेती करता है। अर्बन फार्मर स्थानीय खाद्य उत्पादन को बढ़ावा देने, शहरों में खाद्य सुरक्षा बढ़ाने, सामुदायिक जुड़ाव और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## शहरी क्षेत्र में फसलों, सब्जियों, जड़ी-बूटियों की खेती है अर्बन फार्मिंग



### वेतन और आय

अर्बन फार्मर की आय या वेतन विभिन्न कारणों पर निर्भर कर सकती है, जैसे कि उनके कृषि प्रयासों का मात्रा, शहरी क्षेत्र की स्थिति, और उपयुक्तता। अर्बन फार्मिंग एक व्यापारिक विचार के रूप में देखी जा सकती है, जिसमें फसलों के उत्पादन और विपणन से आय प्राप्त की जाती है। इसके अलावा, अर्बन फार्मिंग परियोजनाओं के लिए सरकारी समर्थन भी हो सकता है, जिससे आय के स्रोत में सुधार हो सकता है।

### अर्बन फार्मिंग के फायदे

**भूमि का अकाल** : शहरों में भूमि की कमी होती है, इसलिए अर्बन फार्मिंग छतों, बालकनियों, और अन्य छोटे खुले स्थानों में की जा सकती है, जिससे खेती के लिए अधिक स्थान मिलता है।

**स्वास्थ्यप्रद खाद्य पदार्थ**: शहरी क्षेत्रों में उत्पादित फल, सब्जियां और अन्य खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए अधिक अच्छे माने जाते हैं, क्योंकि वे अक्सर स्थानिक और निर्मल वातावरण में पैदा होते हैं।

**पर्यावरण सुरक्षा** : अर्बन फार्मिंग सुस्त और पर्यावरणीय रूप से बेहतर समझी जाती है। इससे शहरों में पर्यावरण को भी लाभ होता है।

**तकनीकी** : इसमें वर्टिकल, हाइड्रोपोनिक्स, और एक्वापोनिक्स तकनीक को प्रयोग होता है।

**सिमित संसाधन** : यह खेती सीमित स्थान और संसाधनों के साथ संभव होने के कारण, इसमें संसाधनों का समुचित प्रबंधन और उपयोग को बढ़ावा दिया जाता है।

### कौशल और अनुभव

अर्बन फार्मिंग के क्षेत्र में काम करने के लिए कौशल और अनुभव होना जरूरी है। जो विभिन्न तकनीकों को अनुसरण करने और समस्याओं का समाधान करने में मदद करता है। इसके लिए अपने शहरी क्षेत्र में स्थानिक समुदाय बागवानी या कृषि परियोजनाओं में शामिल हों। इससे आप अर्बन फार्मिंग के अलग-अलग पहलुओं को सीख सकते हैं और अनुभव प्राप्त कर सकते हैं।

**शुरुआती खेती** : किसी भी छोटे स्थान जैसे छत, बालकनी या समुदाय बागवानी पर खेती की योजना बनाएं। यह योजना कौन सी फसलें उगाने के लिए उपयुक्त होगी, संसाधनों की आवश्यकता क्या होगी आदि के बारे में जानकारी लें। खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न तकनीकों का प्रयोग करें। इसमें जलवायु नियंत्रण, खाद्य सुरक्षा की देखभाल और उपयुक्त प्रबंधन शामिल हो सकते हैं। अर्बन फार्मिंग प्रोजेक्ट के लिए सामुदायिक सहयोग और व्यापारिक योजना बनाएं। इसके माध्यम से, आप एक अर्बन फार्मर बनने के लिए आवश्यक योग्यता, ज्ञान और अनुभव प्राप्त कर सकते हैं।

### शिक्षा और प्रशिक्षण

इसे प्रोफेशनली अपनाने के लिए आपको 12वीं कक्षा विज्ञान विषय के साथ पास करनी होगी। इसके बाद स्नातक कृषि के कोर्सेज जैसे बीएससी एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर, फॉरेस्ट्री, या एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग से करनी होगी। पढ़ाई के साथ-साथ वर्टिकल फार्मिंग, हाइड्रोपोनिक्स, एक्वापोनिक्स जैसी विभिन्न तकनीकों को अच्छे समझें और हुनरमंद बनें। इस व्यवसाय में आपको सीमित संसाधनों (पानी, ऊर्जा, और कीमती स्थान) के उपयोग की क्षमता और स्थानिक भूमि, जल और मौसम की जानकारी लेनी होगी।

**यहां से मिलेगा प्रशिक्षण** : अर्बन फार्मिंग की शिक्षा के लिए कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (एमएएनएजीई), केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान (सीआईएई), केंद्रीय बागवानी संस्थान (सीआईएच), केंद्रीय पश्चात्र अनुसंधान और प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईपीएचईटी), और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआई) जैसे कुछ विख्यात सरकारी संस्थान हैं जो अर्बन फार्मिंग और कृषि से संबंधित पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। विभिन्न सरकारी संस्थानों की शुल्क संरचना अलग-अलग है। यह विभागों और पाठ्यक्रमों के आधार पर भी भिन्न हो सकती है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित संस्स्थानों की आधिकारिक वेबसाइट को विजिट करें या सीधे संपर्क करें। आम तौर पर ऐसे कोर्सेज तीन से चार साल में होते हैं। कई ऑनलाइन प्लेटफार्म्स भी है जो अर्बन फार्मिंग से संबंधित पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। ये कोर्स ऑनलाइन वीडियो, पीपीटी, और अन्य साधनों का उपयोग करके आपको अर्बन फार्मिंग की विभिन्न तकनीकों की शिक्षा देते हैं।

### निजी उद्योग में करियर

- निजी उद्योग में अर्बन फार्मिंग में करियर के अनेक और विविध अवसर हैं जो आपको निजी उद्योग में मिल सकते हैं। यहां कुछ मुख्य करियर विकल्प हैं जो अर्बन फार्मिंग के क्षेत्र में आपका करियर बना सकते हैं।
- **उत्पादों का वितरण और विपणन**: आप अर्बन फार्मिंग के उत्पादों के वितरण और विपणन में करियर बना सकते हैं, जिसमें उत्पादों को बाजार में ला कर उनका विपणन करना शामिल होता है।
- **प्रौद्योगिकी विकास** : अर्बन फार्मिंग प्रौद्योगिकी के विकास और अनुसंधान में करियर के अवसर हो सकते हैं, जिसमें नई तकनीकों का अनुसंधान और उनका विकास शामिल होता है।
- **उत्पादकता बढ़ाना** : शहरी क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ाने और उत्पादन संभालने में विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं, जैसे कि वर्टिकल फार्मिंग, हाइड्रोपोनिक्स, और एक्वापोनिक्स की मदद से।
- **अर्बन फार्मिंग कंसल्टेंसी** : अर्बन फार्मिंग कंसल्टेंसी सेवाएं प्रदान करके उत्पादकों और समुदायों को अर्बन फार्मिंग पर सलाह देने में करियर बना सकते हैं।
- **अर्बन फार्मिंग स्टार्टअप** : अर्बन फार्मिंग से संबंधित अपनी खुद की स्टार्टअप कंपनी शुरू कर सकते हैं, जिसमें नए उत्पादकता मॉडल्स, तकनीकी उपकरणों और उत्पादों का विकास और विपणन शामिल है।
- **अर्बन फार्मर** को नौकरी प्रदान करने वाली निजी कंपनियों में कुछ क्षेत्रिय और विशेषाधिकारी कंपनियां भी शामिल हैं।

### सरकारी क्षेत्र में करियर

- **कृषि विभाग** : राज्य और केंद्र सरकार के कृषि विभाग में अर्बन फार्मिंग से संबंधित पदों पर नौकरियां निकलती हैं। इसमें अर्बन फार्मिंग परियोजनाओं के लिए तकनीकी सलाहकार, विशेषज्ञ, उत्पादन प्रबंधक के पद शामिल हैं।
- **वन विभाग**: शहरी क्षेत्रों में वन विभाग में शहरी वनीकरण और वृक्षारोपण से संबंधित पदों पर नौकरियां मिलती हैं।
- **स्थानीय निकाय** : नगर निगम और नगर पालिकाओं में अर्बन फार्मिंग परियोजनाओं के लिए पदों पर नौकरियां मिल सकती हैं। जैसे अर्बन फार्मिंग कंसल्टेंट, परियोजना प्रबंधक, आदि।
- **संगठन और संस्थान** : विभिन्न सरकारी और असर्कारी संगठन और संस्थान जैसे कि कृषि उत्पाद प्रसंस्करण संस्थान, शहरी विकास निगम में भी नौकरियां हो सकती हैं।
- इन सरकारी संगठनों में अर्बन फार्मिंग से संबंधित विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग पात्रता मानदंड और चयन प्रक्रिया होती है। आधिकारिक वेबसाइट पर जानकारी लें।

---

# योजनाओं में देरी से भी मिल सकती है दक्षता और समय प्रबंधन की शिक्षाएं



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में देरी का होना एक सामान्य और अवश्यंभावी घटना है। हम सभी ने कभी न कभी अपनी योजनाओं में देरी का सामना किया है, चाहे वह परीक्षा की तैयारी हो, किसी प्रोजेक्ट की समय सीमा हो, या फिर रोजमर्रा के छोटे-मोटे काम हों। देरी को अक्सर नकारात्मक दृष्टि से देखा जाता है, लेकिन अगर हम इसके पीछे छिपे सबक और लाभ को समझें, तो यह हमें दक्षता और समय प्रबंधन की महत्वपूर्ण शिक्षाए दे सकती है। हम सभी ने कभी न कभी टोस्ट बनाने का अनुभव किया होगा। टोस्ट को सही समय पर तवे से उतारना आवश्यक होता है, वरना वह जल जाता है और खाने योग्य नहीं रहता। इसी तरह, हमारे जीवन में भी समय का सही प्रबंधन आवश्यक होता है।

### समय का बेहतर उपयोग करें

जलती हुई टोस्ट की थ्योरी यह बताती है कि समय का सही उपयोग न करने पर हमारे कार्य और योजनाएँ असफल हो सकती हैं। लेकिन इसके विपरीत, जब हम देरी का सामना करते हैं और उससे सीखते हैं, तो हम अपनी गलतियों से सबक लेकर अपने भविष्य के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर सकते हैं।

**देरी का सामना और उससे मिलने वाले सबक**: जब भी हम किसी देरी का सामना करते हैं, तो यह हमारे लिए एक मौका होता है कि हम अपने समय प्रबंधन के तरीकों को सुधार सकें। उदाहरण के लिए, यदि किसी विद्यार्थी को परीक्षा की तैयारी में देरी होती है, तो यह उसे सिखा सकता है कि अगले बार वह अपनी पढ़ाई की योजना पहले से ही बना ले और समय का बेहतर उपयोग करे। देरी हमें सिखाती है कि कैसे प्राथमिकताएँ निर्धारित करें और अनावश्यक गतिविधियों को हटाकर मुख्य कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। विद्यार्थी देरी को एक नए प्रयास के रूप में देख सकते हैं, जिससे वे अधिक परिपूर्णता की ओर बढ़ सकते हैं। जब किसी कारणवश परीक्षा की तैयारी में देरी होती है या किसी प्रोजेक्ट की समय सीमा चूक जाती है, तो इसे असफलता के रूप में देखने की बजाय एक अवसर के रूप में लेना चाहिए। यह देरी उन्हें अपने कमजोरियों को पहचानने और अपने कौशल को और अधिक निखारने का मौका देती है। हर बार जब हम अपने कार्यों में सुधार करने का प्रयास करते हैं, तो हम न केवल अपनी गलतियों से सीखते हैं, बल्कि अपने प्रदर्शन में भी उत्तमता प्राप्त करते हैं। इस प्रकार, देरी को एक रि-अटेम्प्ट के रूप में देखते हुए, विद्यार्थी अधिक बेहतर योजना बना सकते हैं, अपनी तैयारी को और मजबूती से कर सकते हैं, और अंततः सफलता की ओर बढ़ सकते हैं।

विद्यार्थियों के लिए देरी को एक नए प्रयास के रूप में लेने के कुछ महत्वपूर्ण बिंदु निम्नलिखितः

**समय प्रबंधन**: देरी हमें समय की महत्ता सिखाती है। जब हम देरी का सामना करते हैं, तो हमें अपने समय का पुनर्मूल्यांकन करना पड़ता है और यह जानना पड़ता है कि कहाँ-कहाँ हमने समय का अपव्यय किया।

**सही प्राथमिकताएं**: देरी के कारण हमें अपने कार्यों की प्राथमिकताओं को फिर से निर्धारित करना पड़ता है। यह हमें सिखाता है कि कौन-से कार्य अधिक महत्वपूर्ण हैं और किन्हें पहले पूरा करना चाहिए।

### सही समय का इंतजार करें

**धैर्य और संयम**: देरी हमें धैर्य रखना सिखाती है। जब हम किसी काम में देरी का सामना करते हैं, तो यह हमें शांत रहने और सही समय का इंतजार करने का सबक देती है।

**समस्या समाधान कौशल**: जब हम देरी का सामना करते हैं, तो हमें विभिन्न समस्याओं का समाधान खोजना पड़ता है। यह हमारे समस्या समाधान कौशल को बढ़ाता है और हमें अधिक सृजनात्मक बनाता है।

**आत्मविश्लेषण**: देरी हमें अपने आप का विश्लेषण करने का मौका देती है। यह हमें हमारे कमजोरियों और ताकतों का पता लगाने में मदद करती है, जिससे हम अपने आप को बेहतर बना सकते हैं। जीवन में देरी का होना एक अवश्यंभावी घटना है, जिसे हमें नकारात्मक दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। इसके बजाय, हमें इसे एक अवसर के रूप में लेना चाहिए, जो हमें दक्षता और समय प्रबंधन की महत्वपूर्ण शिक्षाएँ देती है। जलती हुई टोस्ट की थ्योरी के माध्यम से हम समझ सकते हैं कि समय का सही उपयोग कितना महत्वपूर्ण है और देरी हमें किस प्रकार से सुधारने का अवसर प्रदान करती है। इसलिए, हर देरी को एक सबक मानें और उससे सीखें, ताकि आप अपने जीवन को और अधिक कुशल और प्रभावी बना सकें।

**देरीः विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा** : जीवन में देरी केवल एक बाधा नहीं है, बल्कि यह हमारे विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब हम किसी कार्य में देरी का सामना करते हैं, तो हमें उसे एक अनुभव के रूप में स्वीकार करना चाहिए। यह अनुभव हमें सिखाता है कि कैसे हम अपनी योजनाओं को बेहतर बना सकते हैं और समय का अधिक कुशलता से उपयोग कर सकते हैं। हर देरी एक नया सबक लाती है। यह हमें हमारे कमजोरियों को पहचानने का मौका देती है और हमें सिखाती है कि हमें किस प्रकार से अगले बार बेहतर तैयारी करनी चाहिए। इस प्रकार, देरी को एक अवसर के रूप में देखना न केवल हमें निराश नहीं होने देता, बल्कि हमें आगे बढ़ने और अपने भविष्य को और बेहतर बनाने में मदद करता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उतरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - यू. एस. ए.
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### निरंकारी इंग्लिश मीडियम समागम रविवार को

**भिवानी।** रामनगर स्थित पंजाबी कम्युनिटी सेंटर में 21 जुलाई रविवार को प्रातः 9:30 बजे निरंकारी इंग्लिश मीडियम समागम का आयोजन करवाया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गाजियाबाद से पधारे विद्वान कर्मयोगी संत प्रोफेसर (डॉक्टर) जी एस पोपली जी करेंगे। इस जोन स्तरीय कार्यक्रम में जिला भिवानी के साथ-साथ जिला चरखी दादरी, जिला रोहतक और जिला हिसार के निरंकारी श्रद्धालु शामिल होंगे।

### गुरु वंदन एवम स्तुति गायन कार्यक्रम 21 को

**भिवानी।** कला साहित्य और संस्कृति को समर्पित संस्था सांस्कृतिक मंच कल गुरु पूर्णिमा पर 21 जुलाई को गुरु वंदन एवम स्तुति गायन कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। हरियाणा साहित्य अकादमी के सहयोग से किए जा रहे इस कार्यक्रम में पूज्य अशोक गिरी,महंत वेदनाथ,बालयोगी सन्त चरणदास,स्वामी सच्चिदानंद गिरी,भागवत भूषण सुरेश कौशिक व योगाश्रम कृष्णा कालोनी से कृष्णानंद को उनके सामाजिक अवदान और भारतीय संस्कृति को पुष्पित करने के लिए सम्मानित किया जाएगा।

### नाटक के माध्यम से किया जागरूक

**भिवानी।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग महानिदेशक मंदीप बराड़ के निर्देशानुसार जिला में विशेष प्रचार प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। गांव देवसर में नाटक मंडली ने ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया।

### संगीतमय नानीबाई रो मायरो का आयोजन

**भिवानी।** श्री अलख आश्रम बहल में तीन दिवसीय संगीतमय नानीबाई रो मायरो का आयोजन किया जाएगा। 20 से 22 जुलाई तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध कथा प्रवक्ता साध्वी गोशिका गिरी मायरे का गुणगान करेगी। महंत विकास गिरी महाराज ने बताया कि 20 से 22 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर दो से सायं पांच बजे तक संगीतमय नानीबाई रो मायरे का आयोजन होगा। 20 जुलाई को सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी। 21 जुलाई को सिद्ध समाधि महाअभिषेक व गुरू पूजा का आयोजन होगा।

### कन्या भ्रूणहत्या पर लगाम लगाना जरूरी : गुप्ता

**भिवानी।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री की सलाहकार डॉ. उषा गुप्ता की अध्यक्षता में स्थानीय चौ. बंसीलाल नागरिक हस्पताल में बैठक आयोजित हुई। बैठक में डॉ. उषा गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान से संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तार से समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। बैठक में डॉ. उषा गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लिंगानुपात को सुधारने के लिए स्वास्थ्य विभाग, पुलिस और महिला एवं बाल विकास विभाग आपसी तालमेल कर कन्या भ्रूण हत्या पर पूर्ण रूप से रोकथाम लगाने का काम करे।

### तोशाम में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**भिवानी।** कांग्रेस विधायक राव दान सिंह के निवास पर छापा मारने पहुंची ईडी के विरोध में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और युवा कल्याण संगठन के प्रवक्ता अनिल शेषमा, विकास तोशाम सहित संयुक्त रूप से कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को तोशाम के शहीद पार्क में एकत्रित होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अनिल शेषमा ने कहा कि ज्यों-ज्यों चुनाव नजदीक आते हैं वैसे ही भाजपा सरकार की हारने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इस डर से भाजपा सरकार गैर लोकतांत्रिक तरीके से जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए विपक्ष के नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी कराती है। उन्होंने कहा की जनता को अब भाजपा के तानाशाही मंसूबे समझ आ चुके हैं।

### समाधान शिविर में अपराधी की श्रेणी से मुक्ति दिलाने की लगाई गुहार

# सरमान के लिए समाधान शिविर बना वरदान

- करीब 49 साल पहले चैन स्नैचिंग के आरोप में उनका नाम अपराधियों की श्रेणी में डाल दिया गया था
- मौके पर मौजूद डीएसपी रमेश कुमार ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केककूकेकू



भिवानी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

करीब 49 साल पहले चैन स्नेचिंग के एक केस में नाम शामिल होने से अपराधी श्रेणी में जीवन व्यतीत कर रहे जैन चौक क्षेत्र निवासी सरमान के लिए समाधान शिविर वरदान साबित हुआ। सरमान की फरियाद पर मौके पर ही मौजूद उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रमेश कुमार ने उसको अपराधियों की श्रेणी से हटाने का आश्वासन दिया, इस पर हनुमान ने जिला प्रशासन का आभार जताया

हर रोज की तरह शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें एसडीएम हरबीर सिंह, नगराधीश विपिन कुमार और डीएसपी मुख्यालय रमेश कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान जैन चौक क्षेत्र निवासी सरमान ने अपनी समस्या रखते हुए बताया कि करीब 49 साल पहले उन पर चैन स्नेचिंग के मामले में 392 के तहत का मामला दर्ज हुआ था। वह मामला भी रफा-दफा हो गया था, लेकिन उनका नाम अपराधी प्रवृत्ति के लोगों की श्रेणी में डाल दिया, जो कि थाना शहर से संबंधित है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2007 में उनका नाम एक बार तो इस सूची से हटा भी दिया था, लेकिन मामूली कहासुनी पर एक साल बाद फिर उनका नाम बीसी श्रेणी या आपराधिक प्रवृति के लोगों की सूची में शामिल कर दिया गया, जबकि वे सामान्य नागरिक की तरह अपना काम कर जीवन व्यतीत रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से उनका नाम इस सूची से हटाने की गुहार लगाई। वहीं मौके पर मौजूद डीएसपी रमेश कुमार ने सरमान को उनका नाम अपराधियों की श्रेणी से हटाने का आश्वासन दिया, इस पर हनुमान ने पुलिस के साथ-साथ पूरे जिला प्रशासन का आभार जताया।

समाधान शिविर के दौरान गांव ओबरा निवासी अमर सिंह ने कपास की फसल का मुआवजा दिलाने, शहर निवासी जयबीर ने बिजली का बिल ठीक करवाने, रघुबीर सिंह ने खेत में लगाई पाईप लाईन की सब्सिडी दिलाने, हालु बाजार निवासी नरेश ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। इसी प्रकार से बापौड़ा निवासी कृष्ण कुमार ने बताया कि गांव में एक साल पहले आठ मरले जमीन खरीदी थी, जिसकी पैमाइश करवा दी गई लेकिन कब्जा नहीं मिल रहा। मुंढाल खुर्द से डाकघर में एक अधिकारी पर रुपए जमा करवाने में भारी अनियमितता बरतने का आरोप लगाया। स्थानीय हालुवास बाजार से नरेन्द्र शर्मा ने अपनी शिकायत में बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2017 की लिस्ट में उसका नाम है, लेकिन अब तक उसको इस योजना का कोई भी लाभ नहीं मिला है। वार्ड नंबर 27 से एमसी बिल्लू बादशाह ने उसके वार्ड की अनेक गलियों में पेयजल आपूर्ति नहीं होने की शिकायत की। कोंट गांव के सतबीर सिंह ने बताया कि गांव में बीपीएल के प्लाट कटे थे, 15 से 20 परिवारों ने वहां मकान बनाए हुए हैं, लेकिन वहां पर बिजली व पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है। इसके अलावा भी नागरिकों ने वृद्धावस्था पेंशन, परिवार पहचान पत्र में आय सही करवाने, अवैध कब्जा हटवाने की समस्या रखी। इस पर एसडीएम ने संबंधित विभागों को अति शीघ्र उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में 27 लोगों ने अपनी समस्याएं रखी।

#### नागरिकों की समस्याओं के समाधान करने के साथ मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाएं : हरबीर सिंह

समाधान शिविर के दौरान एसडीएम हरबीर सिंह ने कहा कि अधिकारी नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ लोगों को बिजली-पानी आदि मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाना सुनिश्चित करें। जहां भी पेयजल की समस्या है, वहां पर पेयजल आपूर्ति करवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही लोगों को अंधेरे में जीवन व्यतीत ना करना पड़े, इसके लिए लोगों को नियमानुसार बिनी किसी देरी से बिजली कनेक्शन दें। इसके साथ ही शहरी स्थानीय निकाय कॉलोनियों व सडक़ मार्गों पर स्ट्रीट लाईट लगवाएं ताकि रात के समय लोगों की आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने सिंचाई विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी और शहरी स्थानीय निकाय विभाग को शहर में नालों व ड्रेन आदि की सफाई करवाने के निर्देश दिए।

## सूरज कॉलेज की पायल ने निबंध लेखन में पाया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



- कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने जताई खुशी

हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद पंचकूला की ओर से राज्यस्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन दयानंद महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र में किया गया।

जिसमें राज्य के अधिकांश सरकारी व निजी कॉलेजों के विद्यार्थियों में से जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता द्वारा निर्धारित हर जिले से चयनित सर्वश्रेष्ठ-10 विद्यार्थियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। जिससे विद्यार्थियों को विज्ञान विषय पर प्रदान किए गए विशेष विषय पर निर्धारित शब्दों में निबंध लिखने के लिए निर्धारित समय दिया गया, जिसमें सूरज कॉलेज की छात्रा पायल पुत्री अभिमन्यु निवासी खत्रीपुर ने पूरे हरियाणा राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने कॉलेज एंव क्षेत्र का नाम रोशन किया।

कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने खुशी जाहिर कर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुप्ता ने छात्रा पायल एंव परिवार को शुभकामना दी।

## भाजपा सरकार से जनता दुखी, हरियाणा में बनेगी कांग्रेस की सरकार: सविता मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। जनसम्पर्क अभियान के तहत महिलाओं से बातचीत करते हुए।

महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव सविता मान ने कहा कि आज प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से तंग आ चुकी है और बदलाव चाहती है। जनता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। सविता मान हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम के तहत गांव हालवास व उमरावत में महिलाओं को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि अपने शासनकाल के दौरान भाजपा ने हर वर्ग को ठगने का काम किया है। पढ़े लिखे युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। अग्निवीर योजना के नाम पर युवाओं के साथ धोखा किया गया है। प्रदेश में न तो कोई बड़ा उद्योग लगाया गया और न ही युवाओं के लिए कोई ठोस नीति बनाई गई। महंगाई ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। सब्जियों व राशन की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने गृहणियों का बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने कहा कि लगभग साढ़े नौ साल पहले झूठे वादे कर सत्ता में आई भाजपा अब विधानसभा चुनाव में अपनी हार को देखते हुए दोबारा से जनता के बीच झूठे वादे कर रही है। उन्होंने कहा कि आज बेरोजगारी, अपराध में हरियाणा नम्बर वन बन गया है। न तो दुकानदार, व्यापारी सुरक्षित है और न ही बाजार में जा रही महिलाएं। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश की

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रमिला, बिमला, शीला, सन्तोष मितल ,मधुबाला, रामकली, किरण, आरती, पूजा ,भतेरी, उषा ,ज्योति व पूनम समेत अनेक महिलाएं मौजूद थी।

## मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की छापेमारी,186 सीएम विंडो की शिकायतों में से 15 अंडर प्रोसेस

- टीम ने किसानों को दी जाने वाली योजनाओं के रिकॉर्ड को भी जांचा
- खाद बीज से सम्बंधित रिकॉर्ड जांच में 4 के खिलाफ कानूनी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। छापे के दौरान रिकार्ड की जांच करती सीएम फ्लाइंग। फोटो : हरिभूमि

भिवानी ,मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की ताबड़तोड़ छापेमारी लगातार जारी है। इसी कड़ी के शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग की टीम ने भिवानी के कृषि एवं कल्याण विभाग के कार्यालय में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति को जाँचा। दो कर्मचारी अवकाश पर मिले तो वहीं एक कर्मचारी कार्यालय के काम से करनाल गया हुआ था। रेड के दौरान टीम ने किसानों को दी जाने वाली योजनाओं से सम्बंधित रिकॉर्ड की जांच की यानी फसल अवशेष प्रबंधन, पीएम किसान सम्मान निधि योजना,खाद बीज, पेस्टी साइड की गुणवत्ता के रिकॉर्ड की जांच की। वहीं खाद बीज से सम्बंधित 4 के लाइसेंस रद्द किए गए थे ,जिनमे से एक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पूरी हो चुकी है 3 अंदर प्रोसेस है। इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए डॉ संजय मेंचू ने बताया कि सीएम फ़्लाइंग की टीम द्वारा यहां पर कार्यालय की रिकॉर्ड की जांच की गई है। उनके द्वारा सभी योजनाओं से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करवाए गए। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट से टीम संतुष्ट है। साथ ही उन्होंने बताया कि गुणवत्ता जांच हेतु 4 के लाइसेंस रद्द किए गए थे। एक सैम्पल खाद का फेल था, जिसका लाइसेंस कृषि उपनिदेशक ने 14 दिन के लिए सस्पेंड किया था , 2 पेस्टिसाइड के सैम्पल फैल मिले थे। एक खाद बीज से सम्बंधित सैंपल फेल मिला था , जिसका पंचकूला में निदेशक के पास भेजा।

## भिवानी विधानसभा प्रवासी बैठक का आयोजन



भिवानी। बैठक के दौरान पदाधिकारियों से बातचीत करते जिला अध्यक्ष।

**भिवानी।** विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी है ।जिसके तहत कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रदेश में तीसरी बार भी भाजपा की सरकार बनाने के टिप्स दिए जा रहे है। वीरवार को तोशाम रोड़ पर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा की भिवानी विस प्रवासी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश गौड ने किया तथा मंच का संचालन जिला महामंत्री हर्षवर्धन मान ने किया। भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश गौड ने कहा कि आगामी दिनों में बूथ प्रमुख, त्रिदेव व बीएलओ की भी बैठक भी लिए जाने का अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत हर्षदीप डुडेजा को भिवानी विधानसभा का संयोजक, नगर मंडल का संयोजक दीपक तंवर, ग्रामीण मंडल सतेंद्र सिंह, जोनपाल मंडल में सुनील तनेजा, केशव मंडल में बबीता तंवर नियुक्त किया है।

## न्यूज डायरी

### एसडीएम ने जल संरक्षण अभियान लेकर दिए दिशा-निर्देश

**तोशाम।** एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा कि अधिकारी जल संरक्षण के प्रति लोगों को आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ पानी की उपलब्धता बारे प्रेरित करें। एसडीएम ने जल संरक्षण अभियान और विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने अधिकारियो को दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन, पारम्परिक और अन्य जल निकायों/टैंकों का नवीनीकरण पुनः उपयोग बोरवेल, पुनर्भरण, जल सम्भर विकास, संघन वनीकरण आदि मुद्दो से सम्बंधित लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए हम सभी एक जुट होकर कार्य करने होंगे। ताकि जल संरक्षण कर आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ जल उपलब्ध करवाया जा सके। इसके लिए सबसे अच्छा माध्यम वर्षा जल संचयन है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल संरक्षण अभियान को महा अभियान बनाएं और इस अभियान में अधिकाधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए।उन्होंने बताया कि पूरी दुनिया में बहुत बडे स्तर पर जल संरक्षण को लेकर काम चल रहा है और कहा जा रहा है कि बरसाती जल ही पानी की समस्या को दूर कर सकता है।

### हरियाणा जागृति मोर्चा व वन विभाग ने लगाए पौधे



**बवानीखेड़ा।** कस्बा के राजकीय प्राथमिक पाठशाला, हरियाणा जागृति मोर्चा तथा वन विभाग ने स्कूल में फलदार व आयुर्वेदिक सैकडों पौधे लगाए। मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट राजेश सिंधू, स्कूल इंचार्ज आजाद प्रेमनगर, अध्यापिका बीरमती, दयावंती, महासचिव जयबीर आहल्यान, अशोक मुन्ढ़ाड़ा, पार्षद अजय वाल्मीकि ने बताया कि पूर्व वर्ष की तरह इस वर्ष भी बरसात के मौसम में औषधीय व फलदार पौधे स्कूल में लगाए है , सभी का मकसद है कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण को बचाया जा सकता है। पिछले वर्ष कस्बा में मोर्चा ने अभियान चलाया जिसमें स्कूल में तथा औषधीय पौधे लेकर कस्बे के चौक व चैराहे पर मोर्चा की टीम पहुंची थी और गुजरने वाले लोगों को एक-एक पौधा वितरित किया गया था । जिसमें मोर्चा ने औषधीय पौधा देते हुए लोगों को उसके फायदे की जानकारी भी दी थी और स्लम बस्तियों में पौधे घर-घर जाकर दिए थे। शुक्रवार को स्कूल प्रांगण में सैकड़ों पौधे लगाये गये , पौधा रोपण के बाद एडवोकेट राजेश सिंधू ने स्कूल में बच्चों व उपस्थित लोगों को पौधा रोपण के महत्व पर प्रकाश डाला।

### क्रांतिकारी मंगल पाण्डेय को दी श्रद्धांजलि



**भिवानी।**आज का दिन भारतीय इतिहास में बहुत अहम है। आज ही के दिन भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के पहले क्रांतिकारी मंगल पांडे का जन्म हुआ था । आज के दिन को पूरे देशभर में जयंती के तौर पर मनाया जाता है। मंगल पांडे, भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के पहले ऐसे क्रांतिकारी थे, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ बगावत का झंडा बुलंद किया। अंग्रेजी शासनों को इस बात का डर सताने लगा कि अगर मंगल पांडे को फांसी नहीं दी गई तो स्वतंत्रता आंदोलन की चिंगारी पूरे भारत में फैल जाएगी।अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंक कर स्वतंत्रता संग्राम की अलख जलाने वाले अमर शहीद मंगल पाण्डेय को उनकी जयंती पर भाजपाइयों एवं ग्रामीणों ने अमर शहीद मंगल पाण्डेय की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

### कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ

**बहल।** शंकरमल साबू राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण लोहारू द्वारा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण भिवानी एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कपिल राठी के दिशा निर्देशानुसार कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनों की जानकारी दी गई व उनके बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। शुक्रवार को उप मंडल कानूनी सेवा समिति लोहारू के अध्यक्ष एवं उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी जितेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस लोक अदालतों के आयोजन के उपलक्ष में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पैनल अधिवक्ता रामनिवास सैनी द्वारा विद्यार्थियों को विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस, नालसा, हालसा व लोक अदालतों के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में जागरूक किया गया। उनको भारतीय कानून व्यवस्था के बारे में और मेगा लीगल कैंप में उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण लोहारू द्वारा व नालसा द्वारा चलाए जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रिंसिपल कृष्ण यादव, मा. करण सिंह सहित अध्यापक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### खंड स्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी आयोजित

**भिवानी।** खण्ड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार तंवर की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्थानीय राजकीय मासवमा विद्यालय में निपुण हरियाणा मिशन के तहत खण्ड स्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में भिवानी खण्ड के स्टार टीचर के चयन के लिए समस्त स्कूलों से चयनित दो अध्यापकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाले विषयों पर बेहतरीन टीएलएम बनाकर लाए जिससे बच्चों की दक्षताओं को आसानी से बढ़ाया जा सकता है। विभिन्न विषयों पर अध्यापकों ने बेहतरीन टीएलएम के साथ अपनी प्रस्तुती दी। इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष नागर ने सभी टीएलएम की देखा व अध्यापकों के सफल प्रयास के लिए उनकी सरहाना की और उन्हें आगे बढक़र कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला एफएलएन कोर्डिनेटर ललित कुमार, संपर्क टीम से मनीष कुमार, बीआरपीआईडी प्रीति, सोनिया शर्मा, राजेश कुमार एवं समस्त एबीआरसी उपस्थित रहे।

### धर्म, अध्यात्म और अणुव्रतों का प्रचार प्रसार करें

**भिवान।** लोहड़ बाजार स्थित तेरापंथ भवन में तेरापंथ सभा ट्रस्ट भिवानी की नवचयनित टीम का शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया। अपने आशीर्वचन में मुनि देवेन्द्र कुमार ने कहा कि पूरी टीम संगठित होकर धर्म, अध्यात्म और अणुव्रतों का प्रचार प्रसार करें। उन्होंने नई टीम के कार्यकाल के प्रति मंगलभावना व्यक्त करते हुए कहा कि संघ शक्ति कलियुगे अर्थात कलयुग में संगठन में ही शक्ति है। तपोमुर्ति मुनि पृथ्वीराज ने कहा कि संस्था के प्रधान का दायित्व है कि वह सबको साथ लेकर चले। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ कार्यकर्ता को पृथ्वी की तरह सहनशील होना चाहिए और सदा पॉजीटीव सोच रखनी चाहिए। सभा की टीम में सन्मति जैन अध्यक्ष, विकास जैन मन्त्री, मनोज जैन उपाध्यक्ष, बैजनाथ जैन कोषाध्यक्ष तथा नवीन नाहटा को सहमन्त्री नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम का संयोजन रमेश बन्सल ने किया। निवर्तमान अध्यक्ष महेन्द्र जैन ने श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन करवाया। सुरेन्द्र जैन अधिवक्ता ने शपथ ग्रहण करवाई। इस अवसर पर मुनि आर्जव कुमार, मुनि जिज्ञासु कुमार, माणकचन्द नाहटा, सीमा जैन, संस्कृति जैन, मधु जैन आदि मौजूद रहे।

### बीईओ शिवकुमार तंवर ने गांव घुसकानी के राजकीय उच्च विद्यालय का किया निरीक्षण

# निरीक्षण के दौरान बीईओ ने हाजिरी रजिस्टर किया चेक

- बीईओ ने पीटीआई विनोद पिंकू के 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने के फॉर्मूले की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





भिवानी। बच्चों द्वारा दिए गए सवालों के जवाब जांचते बीईओ तथा निरीक्षण के बाद स्कूल में पौधरोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं व स्कूल स्टाफ सदस्यों की गतिविधियों की जांच करने के उद्देश्य से शिक्षा अधिकारी समय-समय पर विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण करते है, ताकि बच्चों के भविष्य से कोताही बरतने वाले गुरूजनों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकें। इसी कड़ी में भिवानी के खंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर ने शुक्रवार को जिला के गांव घुसकानी स्थित शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान बीईओ ने विद्यालय की हाजिरी सहित चैक करने के अलावा कक्षा-कक्षों का भी निरीक्षण किया तथा बारीकी से जांच की। इस दौरान बीईओ को विद्यालय की सभी गतिविधियां संतोषजनक मिली। इसके उपरांत बीईओ ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान बीईओ शिवकुमार तंवर ने विद्यालय के पीटीआई विनोद पिंकू द्वारा बनाए गए 95 प्रतिशत से अधिक अंक लेने के फॉर्मूले की भी प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान बीईओ शिवकुमार तंवर ने कहा कि विभिन्न विद्यालयों की गतिविधियों की जांच करने के लिए समय-समय पर स्कूलों का निरीक्षण किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में अन्य विद्यालयों से अलग एक सराहनीय बात देखने को मिली, जहां पर विद्यालय पीटीआई द्वारा एक फॉर्मूले की इजात कर विद्यार्थियों को 95 प्रतिशत से अधिक अंक लेने के लिए प्रेरित किया जाता है, जो अभियान काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस फॉर्मूले को अन्य विद्यालयों में लागू करवाया जाएगा, ताकि बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंक लिए जा सकें। इस मौके पर फॉर्मूले की जानकारी देते हुए पीटीआई विनोद पिंकू ने कहा कि विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से हर वर्ष आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिका विद्यार्थियों को दी जाती है तथा उनके प्रश्नों को हल करवया जाता है। जिसका फायदा यह होगा कि धीरे-धीरे विद्यार्थियों को बोर्ड के सभी प्रश्नपत्रों की जानकारी होगी तथा वे आसानी से बोर्ड परीक्षाओं में 95 प्रतिशत से अधिक अंक ले सकते है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार, मुकेश सांगवान, लक्ष्मी देवी, अनिल शर्मा, गुड्डी देवी, अनिल शर्मा हिन्दी अध्यापक, परवेश कुमारी, सुरेन्द्र सिंह, ममता रानी, जोगेंद्र सिंह, बिजेंद्र कंप्यूटर टीचर, नवीन ढांडा, बिमला देवी, सुदेश रानी, सुमन देवी सहित समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



बवानीखेड़ा। डीपीसी कार्यालय में बच्चों को सहायता उपकरण वितरित करते हुए डीपीसी संतोष नागर व अन्य।

### दिव्यांगों को वितरित किए उपकरण

**बवानीखेड़ा।** डीपीसी कार्यालय में जिले के सभी खंडों के दिव्यांग बच्चों को हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद एवं अल्मिको द्वारा सहायता उपकरण बांटे। कार्यक्रम में डीपीसी संतोष नागर ने विशेष उपस्थिति दर्ज कराकर इस कार्य में अपनी अहम भूमिका अदा की। डीपीसी ने उपस्थित परिजनों को बताया कि वे अपने बच्चों पर विशेष ध्यान दें और विभाग द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं का लाभ लें। क्योंकि विभाग कर्मचारियों के माध्यम से समय समय पर जानकारी एकत्रित करके विभाग को भेजकर बच्चों को सुविधा मुहैया करवाने का कार्य करता है।

### 'बच्चों को प्रकृति प्रेम का पाठ पढ़ाना समय की मांग'

**चरखी दादरी।** प्रकृति प्रेम ही मानवता के सुखद भविष्य का मार्ग है। हमें पर्यावरण संरक्षण में अपना हर संभव योगदान देना चाहिए। यह बात चिड़िया के सेठ बनवारी लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण करते हुए प्राचार्या शर्मिला देवी ने कही। शुक्रवार को विश्व युवक केन्द्र, नेहरू युवा केन्द्र और ग्रामीण विकास मंडल द्वारा संचालित पौधारोपण अभियान में शामिल विद्यालय प्राचार्या ने कहा कि बदलता मौसम चक्र हमें चेतावनी दे रहा है कि प्रकृति के शोषण का विचार मनुष्य की नादानी से ज्यादा कुछ नहीं है। अब शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों को प्रकृति प्रेम का पाठ पढ़ाना समय की मांग है।

### जन समस्याओं का त्वरित समाधान करें अधिकारी

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में उपायुक्त मनदीप कौर ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ मौके पर समाधान सुनिश्चित करते हुए नागरिकों को राहत पहुंचाई तथा कई समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समय पर समाधान करने में समाधान शिविर कारगर साबित हो रहे हैं। परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, नगर परिषद से जुड़ी समस्याओं, पंचायती राज या फिर किसी अन्य विभाग की समस्या हो तो शिविर में उनका समाधान कराया जा सकता है।

## क्षेत्रवासियों ने नारेबाजी कर विभाग की लापरवाही के प्रति जताया रोष

# एक सप्ताह पहले खोदे गए गड्ढे को भरना भूला प्रशासन, बने तालाब

- ढ़ाणा रोड़ पर एक सप्ताह पहले खोदे गए गड्ढे को भरना भूला प्रशासन, गड्ढे ने लिया तालाब का रूप
- 24 घंटे में समाधान नहीं हुआ तो दादरी गेट चौक पर लगाएंगे जाम : क्षेत्रवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

एक तरफ जहां सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए समाधान शिविर लगाए जाते है, वही दूसरी तरफ आज शहर में समस्याएं ही समस्याएं है तथा इन समस्याओं का समाधान करते हुए शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने के दायित्व से भी जिला प्रशासन बचता नजर आ रहा है। ऐसा ही एक मामला इन दिनों ढ़ाणा रोड़ पर देखने को मिल रहा है। जहां पर संबंधित विभाग की लापरवाही लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। जिसके चलते क्षेत्रवासी खासे परेशान है तथा विभाग की लापरवाही के प्रति रोष जताते हुए शुक्रवार को क्षेत्रवासियों ने रोष जताया। इस बारे में क्षेत्रवासी सतीश मेहरा, हरीश गौतम, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश सैनी, प्यारेलाल कायत, ने बताया कि ढ़ाणा रोड़ पर पिछले कई दिनों से पेयजल लाईन की लीकेजे की समस्या थी। जिस समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग को सूचित करवाया गया। जिसके बाद करीबन एक सप्ताह पूर्व संबंधित विभाग द्वारा पेयजल लाईन की लीकेज ठीक करने के लिए यहां गड्ढा खोदा गया। लेकिन विभाग के कर्मचारियों ने ड्यूटी में लापरवाही बरतते हुए लीकेज को रोकने के लिए नया वॉल लगाने की बजाए पुराना वॉल ही लगा दिया। जिससे यह समस्या और भी बढ़ गई। इस अवसर पर सुमित्रा, कृष्णा, रानी, भारती, सरोज, ओमपति, इंद्रा, कांता, लक्ष्मी, अंगुरी, सुनीता, नीलम, रोशनी, बिमला, संतोष, नागराज, राजवंती, सुमन, लक्ष्मी, रवि सहित अन्य क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



भिवानी। खोदे गए गड्ढे के विरोध में नारेबाजी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### महामारी फैसने की आशंका

क्षेत्रवासियों ने बताया कि पुराना वॉल लगाए जाने के कारण यहां पर पानी रिसता तथा पानी रिस-रिसकर गड्ढे ने तालाब का रूप ले लिया। क्षेत्रवासियों ने कहा कि गड्ढे में भरे पानी में एक तरफ जहां मक्खी-मच्छर पनपे हुए है। जिससे क्षेत्र में डेंगू व मलेरिया जैसी महामारी फैसने की आशंका बनी हुई है। इसके साथ ही यहां पर हमेशा हादसा होने का भय बना रहता है। क्योंकि इस गड्ढे के बिल्कुल सामने एक स्कूल भी है, जहां पर रोजाना सैंकड़ों बच्चें आते है। इसके अलावा रात के समय तो यह समस्या और भी बढ़ जाती है। क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग के खिलाफ रोष जताते हुए इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की। इस मौके पर क्षेत्रवासियों का समर्थन करने पहुंचे समाजसेवी सुरेश प्रजापति व वार्ड नंबर-25 के पार्षद विनोद प्रजापति ने कहा कि जिला प्रशासन को चाहिए कि वे आमजन की सुविधाओं का ध्यान रखे, ना कि उनकी परेशानियां बढ़ाएं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 24 घंटे में इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे दादरी गेट चौक पर जाम लगाकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।



बवानीखेड़ा। रामॉसंवमावि में प्रतियोगिताओं में विजेताओं के साथ में स्टाफ।

# वाद-विवाद में अंकित व भावेश की टीम प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

- प्रतियोगिता में 58 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

बवानी खेड़ा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एससीईआरटी गुरुग्राम के निर्देशानुसार संकुल स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें वाद-विवाद, नृत्य, स्लोगन लेखन, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग, स्किट प्रतियोगिताएँ करवाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्या संतोष भाकर ने माँ सरस्वती के चरणों दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। निर्णायक मंडल में शिक्षकों ने अपनी अहम भूमिका अदा की। प्रतियोगिता में 6 से 8 में 18 व 9 से 12 में 40 कुल 18 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्येक विद्यलय की टीम का सम्पूर्ण सहयोग रहा। कक्षा 6 से 8 तक की वाद विवाद प्रतियोगिता में रामॉसंवमावि बवानी खेड़ा से अंकित व भावेश की टीम प्रथम, गौरव व रघुराम की टीम द्वितीय स्थान पर रही। स्लोगन लेखन में रामॉसवंमावि बवानी खेड़ा से दीपांशु, सुमित व रवि क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। 9 से 12 स्लोगन में राकवमावि लोहारी जाटू के अनस, अनय प्रथम, पोस्टर मेकिंग 6 से 8 में रामॉसंवमावि के मुस्कान, कुणाल, रिया प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। पोस्टर मेकिंग 9 से 12 में रामॉसंवमावि के फिरोज, अश्विनी प्रथम द्वितीय व लोहारी जाटू के नितिन तृतीय रहा।

# डिजिटल मूल्यांकन केंद्र का किया निरीक्षण

## चेयरमैन ने डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली के बारे अध्यापकों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

टीआईटी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. वी पी यादव ने बोर्ड के द्वारा स्थापित डिजिटल मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया तथा वहां अध्यापक, जो डिजिटल मूल्यांकन कर रहे थे, से डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली के बारे में चर्चा की और इसके फायदे बताएं तथा अध्यापकों से सुझाव मांगे तथा उन्हें बताया आने वाले समय में इस मूल्यांकन प्रणाली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके इसे और उन्नत बनाया जाएगा। जिससे अध्यापकों का कार्य और आसान हो जाएगा। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर डी.पी. कौशिक ने डॉक्टर वी पी यादव जी का उनके नेतृत्व में बोर्ड के द्वारा क्यू आर कोड व अल्फ़ान्यूमेरिक कोड पर उनको गोल्डन सकोच अवार्ड प्राप्त हुआ, उसके लिए सम्मानित किया। इस पर सभी अध्यापकगण व विद्यालय के अध्यापक उपस्थित थे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर डी.पी. कौशिक, सुखवीर सिंह, सुरेश कुमार, दिनेश कुमार व अमित खटक ने भी बोर्ड अध्यक्ष को बधाई दी।

### अवार्ड के लिए दी बधाई

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षाओं में नकल को रोकने के लिए प्रयोग किए गए क्यू आर कोड व की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गई और बोर्ड को प्रतिष्ठित संस्था द्वारा गोल्डन सकोच वार्ड से सम्मानित किया गया। विभिन्न विद्यालयों से आए अध्यापक विजेंद्र, हेमंत, विनोद कुमार इत्यादि ने फूल माला पहनाकर डा. वी.पी. यादव को अवार्ड के लिए बधाई दी। इस अवसर पर अध्यापकों द्वारा आगामी मूल्यांकन के लिए दिए गए सुझावों पर बोर्ड अध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद किया।

# डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह

- हैडब्वाय धीरेश और हैडगर्ल अंतिम को चुना गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

नेता पैदा नहीं होते बल्कि जीवन में उनके अनुभवों से बनते हैं। अलंकरण समारोह उस भरोसे और विश्वास का प्रतीक है जो स्कूल ने नए निवेशित पदाधिकारियों को दिया है। जवाबदेही का दायित्व निभाते हुए, वे अपनी क्षमताओं के अनुसार अपने कर्तव्यों को पूरा करने का भी वचन देते हैं।

छात्रों में नेतृत्व के गुणों को विकसित करने और उन्हें प्रशासनिक निकाय के कामकाज की भावना देने के लिए, डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल, भिवानी ने 19 जुलाई 2024 को स्कूल में छात्र कैबिनेट अलंकरण समारोह मनाया। अलंकरण समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, जो अंधकार को दूर करने का प्रतीक है, इसके बाद वेद मंत्रों का पाठ हुआ। छात्र कैबिनेट के सदस्यों में हैडब्वाय धीरेश, हैडगर्ल अंतिम, वाइस हैडब्वाय सत्यम, वाइस हैडगर्ल मिस्ठी, अनुशासन कैप्टन गगनदीप व निधि, स्पोटस कैप्टन सौरव व संगीता, सांस्कृतिक कैप्टन खुशी सैनी, आर्ट एण्ड क्राफ्ट कैप्टन शीतल व वीनू शर्मा सचिव हिमांशी व सहसचिव श्रुति को मनोनित किया गया। इसके साथ-साथ छात्र परिषद के तीनों सदनों के पदाधिकारियों को भी मनोनित किया गया। इसमें सदनों के कैप्टन कोमल, हर्षिता शर्मा व पायल, वाइस कैप्टन दीक्षा, अशीन दुहन व हिमानी, सांस्कृतिक कैप्टन नन्दनी, अभिनव व दिव्या, आर्ट एण्ड क्राफ्ट कैप्टन आयुषी, योगिता व नितिका, अनुशासन कैप्टन निशान्त, मयंक, मोक्ष, साक्षी, दृष्टि, टीना और खेल-कूद ईन्चार्ज हर्ष, गौरव, रजत, मोनिका, शमा, संचिता को जिम्मेदारियां दी गई। प्राचार्या जगदीप कौर ने नवगठित छात्र कैबिनेट व छात्र परिषद के सदस्यों का स्वागत और बधाई दी। प्राचार्या जगदीप कौर द्वारा छात्र कैबिनेट व छात्र परिषद के सभी पदाधिकारियों को बैज और कमरबंद से सम्मानित किया गया।



# विजेता टीम को एसपी ने किया सम्मानित

- जेवली में जाट रेजीमेंट व चांदवास एकेडमी की टीम के बीच हुआ वॉलीबॉल मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत चरखी दादरी जिले के गांव जेवली में जाट रेजीमेंट व चांदवास एकेडमी के बीच वॉलीबॉल मैच हुआ। कार्यक्रम में चरखी दादरी एसपी पूजा वशिष्ठ ने शिरकत करते हुए विजेता टीम को सम्मानित किया।

पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के निर्देशानुसार और जिला पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के मार्गदर्शन में चरखी दादरी पुलिस द्वारा जिले को नशा मुक्त बनाने, युवाओं को नशे से दूर रखने और खेलों से जोड़ने के लिए विशेष मुहिम चलाई जा रही है। हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत गांव जेवली के प्रीतम दास मंदिर में जाट रेजीमेंट और चांदवास एकेडमी के युवाओं की टीम के बीच मित्रता वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने किया। प्रतियोगिता के दौरान हुए दो राउंड के मुकाबले में चांदवास एकेडमी की टीम विजेता रही। विजेताओं को एसपी पूजा वशिष्ठ ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर एसपी चरखी दादरी ने युवाओं को नशे के बढ़ते प्रकोप के प्रति सजग रहने का आह्वान किया तथा नशे से दूर रहने की अपील की । उन्होंने लोगों से कहा कि अपने आसपास कोई नशीला पदार्थ बेचता है तो उसकी सूचना तुरन्त पुलिस या डायल 112 को दें। कार्यक्रम के दौरान बाढ़ड़ा बीडीसी चेयरमैन प्रतिनिधि आंनद फौजी, समाज सेवी पींटू झोझू कलां, भांडवा सरपंच कृष्ण सोनी आदि मौजूद थे।



बाढड़ा। खिलाड़ियों को सम्मानित करती एसपी। फोटो : हरिभूमि


# तहसील कर्मचारी हड़ताल पर

- सरकार को रोजाना हो रहा है 20 से 30 लाख का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा तहसील कार्यालय में लगे जिला सूचना प्रौद्योगिकी सोसायटी के कर्मचारियों ने मांगे पूरी करवाने के लिए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।

कर्मचारियों के हड़ताल पर होने के कारण तहसील संबंधित सभी कार्य अधर में अटके हुए है। लोगों को चक्कर काट-काटकर वापिस जाना पड़ता है। बताया जाता है कि स्थानीय तहसील कार्यालय में रोजाना 20 से 30 लाख का रोजाना नुकसान उठाना पड़ रहा है। डीआईटीएस के तहत लगे हुए कर्मचारियों में बवानी खेड़ा खंड प्रधान अशोक कुमार, कर्मचारी साहिल, हन्नी, संदीप ने बताया कि उन्हें डीआईटीएस की बजाए एचकेआरएन में शामिल करने पर रोक, समान काम-समान वेतन, 58 वर्ष की जॉब सिक्योरिटी, उनकी जॉब-कर्मचारी केन्द्र सरकार के अंडर में हो, उनके पद सृजत हो व अन्य मांगे पूरी होनी चाहिए। अन्यथा वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। हालांकि कर्मचारी सोमवार से हड़ताल पर है। बवानी खेड़ा तहसील कार्यालय में कर्मचारियों के हड़ताल पर होने के कारण सन्नाटा छाया हुआ है। लोगों के तहसील संबंधित कार्य अधर में अटके हुए है। दाखिले के लिए जरूरी कागजों को बनवाने के लिए तहसीलदार के हस्ताक्षरों व अन्य संबंधित कार्य अटके हुए हैं। लोगों को मानना है कि सरकार इनके साथ समानता का व्यवहार करे ताकि आए दिन जनता को दिक्कत न हो।



बवानीखेड़ा। ईदिशा तहसील कार्यालय में खाली पड़ी कुर्सियां। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### रक्तदान शिविर का आयोजन 21 को कान्हड़ा के श्रीराम पब्लिक स्कूल में

**चरखी दादरी।** कारगिल विजय दिवस एवं भारतीय सेना के सूर्य पराक्रम एवं वीरता को नमन करने के लिए श्री राम पब्लिक स्कूल कान्हड़ा के परिसर में 21 जुलाई रविवार प्रातः 9:00 बजे से 2:00 बजे तक 500 यूनिट का रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक अमित जाखड़ एवं वंचित जन जागृति ट्रस्ट के संस्थापक बिशन सिंह आर्य ने बताया बतौर मुख्य अतिथि गुड़गांव रेंज के कमिश्नर रमेश चंद्र विधान विशिष्ट अतिथि पूर्व आईएएस शिवप्रसाद शर्मा हिंदुस्तान स्काउट गाइड के राज्य सचिव नवीन जय हिंद उपस्थित रहेंगे। इस दौरान देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा भारतीय सेना के जवानों के शौर्य और पराक्रम को विशेष रूप से दर्शाया जाएगा। हरपाल आर्य ने बताया कि इस विशाल रक्तदान शिविर में जिले भर की सामाजिक संस्थाएं विशेष रूप से हिस्सा ले रही हैं जिसमें राही संगठन, हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड ,वंचित जन जागृति ट्रस्ट ,रक्त वीर परिवार, ग्रामीण लाइब्रेरी बिलावल ,विजन फाउंडेशन आदि संस्थाओं का सहयोग रहेगा।

# युवाओं को नशे से दूर रहने की दिलवाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पुलिस अधीक्षक भिवानी वरुण सिंगला आईपीएस ने हरियाणा उदय कार्यक्रम को पुलिस विभाग के विभिन्न खेलों से जुड़े कर्मचारियों को जिले के गांवों में युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश दिए हैं। जिनके तहत पुलिस ने जिले के युवाओं को खेलों की तरफ बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला आईपीएस ने गांव धनाना के स्टेडियम में पहुंचकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पुलिस अधीक्षक भिवानी ने खिलाड़ियों और वहां पर मौजूद ग्रामीणों से बातचीत की और युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए नशा ना करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि अपने साथियों व गांव के अन्य युवाओं को भी खेलों के प्रति प्रोत्साहित करें। पुलिस द्वारा युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है। युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न खेल गत्तिविधियों का आयोजन भी करवाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक भिवानी ने इस दौरान युवाओं से आह्वान किया कि नशे से दूर रहकर शिक्षा तथा खेलों से जुड़कर अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने मां-बाप के सपनों को साकार करें। उन्होंने इस अवसर पर युवाओं से कहा कि अगर कोई नशा बेचता है तो वे इसके बारे में पुलिस को सूचित करें।



भिवानी। नशे के प्रति जागरूकता अभियान चलाने की शपथ दिलाते हुए।

### नंदगांव की राजकीय आईटीआई में किया 325 पौधों का रोपण

**भिवानी।** मानव द्वारा अपने नीजि स्वार्थ के वशीभूत होकर पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई की, जिसके चलते आज पर्यावरण का संतुलन बुरी तरह से अंसुलित हो चुका है तथा पर्यावरण के असंतुलित होने का दुष्प्रभाव ना केवल मनुष्य, बल्कि पशु-पक्षियों को भी भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पौधा मां के नाम से अभियान की शुरूआत की गई है। इसी अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं गांव नंदगांव के सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र सिंह यादव की अगुवाई में गांव नंदगांव की राजकीय आईटीआई में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव के प्रवेश द्वार से लेकर शहीद स्मारक तक दोनों तरफ व राजकीय आईटीआई प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के कुल 325 पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनेक जरूरी कदम उठा रही है तथा लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का अभियान भी चला रही है।

## आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

# हरेक मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे होना जरूरी

- जिलाधीश मंदीप कौर ने बच्चों में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम के लिए जारी किए आदेश
- जिलाधीश मंदीप कौर ने औषधि नियंत्रण अधिकारी एवं संबंधित जिला बाल संरक्षण अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जिलाधीश मंदीप कौर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 152 के तहत जिला में सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने सभी मेडिकल संचालकों को निर्देश दिए हैं वे अपने-अपने मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगवाना सुनिश्चित करें। आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधीश मंदीप कौर ने आदेशों में कहा है कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने 2021 में बच्चों के बीच नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम पर संयुक्त कार्य योजना जारी की है। इसी के चलते एनसीपीसीआर ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट, 1940 के नियम 1945 के अनुसार दवाएं बेचने वाले सभी मेडिकल स्टोरों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य है ताकि बच्चों की निगरानी हो सके। जिलाधीश ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 152 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किए गए हैं। आदेशों में कहा गया है कि अनुसूची में शामिल दवाएं बेचने वाले सभी मेडिकल/फार्मेसी दुकानों के मालिक एच और एक्स को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत बनाए गए नियम 1945 के अनुसार जिला भिवानी के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में एक महीने की समय अवधि के भीतर अपने स्टोर/दुकानों के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने होंगे।

### अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी: उपायुक्त मंदीप कौर



जिलाधीश ने सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के लिए औषधि नियंत्रण अधिकारी एवं संबंधित जिला बाल संरक्षण अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि ये अधिकारी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की नियमित रूप से जांच करेंगे। ये आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हैं। उन्होंने कहा कि यदि जिले में कोई मेडिकल/फार्मेसी दुकान मालिक इन निर्देशों का पालन नहीं करता है तो उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**बाढ़ड़ा।** युवा जनहित ट्रस्ट सदस्यों द्वारा शुक्रवार को बाढ़ड़ा बस स्टैंड व हंसावास खुर्द के धर्मदास मंदिर परिसर में व्यापक स्तर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। युवा जनहित ट्रस्ट उपाध्यक्ष मोहित फोगाट की अगुवाई में चलाए गए इस अभियान के तहत बाढ़ड़ा बस स्टैंड पर बस स्टैंड प्रभारी हरेंद्र सिंह व धर्मदास मंदिर में महंत कंवर सिंह की मौजूदगी में फलदार व छायादार पौधे रोपित किए और इन पौधों को पेड़ बनाने का संकल्प लिया। बता दे कि ट्रस्ट के सदस्य अशोक वर्मा, संजय शर्मा, रामपाल जांगड़ा, अजय टोनी, हरकेश ठेकेदार, विजयपाल पूनिया, सज्जन जांगड़ा, जगदीश जांगड़ा, अमित सेठ बेरला, संजीत काकड़ौली, मनीष फौजी बडेसरा आदि मौजूद रहे।